उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ।

पत्रांक–98795 / सावधि जमा/2016–17 दिनांकः–30.03.17

समस्त शाखा प्रबन्धक,
उ0प्र0सह0ग्राम विकास बैंक लि0,
प्रधान कार्यालय, लखनऊ।

कृपया बैंक के परिपत्र संख्या–सी 56/सावधि जमा/2016–17 दिनांक 30.08.16 का संदर्भ ग्रहण करे, जिसके द्वारा सावधि जमा निक्षेप से प्राप्त धनराशि बैंक आफ बडौदा शाखा–शाहनजनफ रोड, लखनऊ स्थित चालू खाता संख्या–00500200001438 में भेजने के निर्देश दिए गए थे। उक्त खाते में दिनॉक 30.8.16 से 31.3.17 तक जमा धनराशि की सूचना समस्त शाखायें दिनॉक 1.4.17 को ई–मेल अथवा विशेष पत्रवाहक के माध्यम से जनपदीय शाखा को प्रेषित करेगीं जिसे जनपदीय शाखायें संकलित करके अगले कार्य दिवस में मण्डलीय शाखा को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करेंगी तत्पश्चात समस्त मण्डलीय शाखाओ द्वारा उक्त सूचनायें संकलित करके दिनॉक 3.4.17 कों प्रधान कार्यालय के सावधि जमा अनुभाग की ई मेल upsgvbfdidle@gmail.com पर प्रेषित किया जाएगा।

(अ)शाखाओं द्वारा जनपदीय शाखाओं को प्रेषित की जाने वाली सूचना का प्रारूप–

क0	प्रेषित धनराशि	प्रेषण की तिथि	प्रेषण का तरीका– एन0ई0एफ0टी0/ आर0टी0जी0एस0/सी0बी0एस0	यू0टी0आर0 नं0–

(ब)जनपद एवं मण्डलीय शाखाओं द्वारा संकलन का प्रारूप–

क0	शाखा/ मण्डल का नाम	प्रेषित धनराशि	प्रेषण की तिथि	प्रेषण का तरीका– एन0ई0एफ0टी0/ आर0टी0जी0एस0/सी0बी0एस0	यू0टी0आर0 नं0–

कृपया उक्त निर्देशानुसार सूचना यथासमय प्रधान कार्यालय भेजना सुनिश्चित करे।

ह0/–
(अजय पाल सिंह)
महा प्रबन्धक(सावधि जमा)

<u>प्रतिलिपि–</u>निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–उप महाप्रबन्धक(आई0टी0सेल), प्र0का0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त पत्र समस्त जनपदीय प्रबन्धको को ई–मेल द्वारा प्रेषित कराना सुनिश्चित करे।
2–समस्त जिला स्तरीय शाखा प्रबन्धकों को इस निर्देश के साथ कि उक्त पत्र की प्रति अपने जिले से सम्बन्धित शाखाओं को भिजवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त प्रारूप अनुसार सूचना प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
3–उपमहाप्रबन्धक (लेखा), प्रधान कार्यालय, लखनऊ।

ह0/–
महा प्रबन्धक(सावधि जमा)